कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 20.09.2023

// प्रेस विज्ञप्ति //

शासकीय कन्या महाविद्यालय में अर्थशास्त्र परिषद का उद्घाटन

ग्रीन-आर्मी ने उठाया स्वच्छता का बीड़ा

विगत दिनों शासकीय डॉ.वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा अर्थशास्त्र परिषद का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर अर्थशास्त्र की छात्राओं को सम्बोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने परिषद के पदाधिकारियों को बधाई देते हुए आव्हान किया कि उन्हें विभागीय गतिविधियों के साथ-साथ महाविद्यालय की अकादमिक एवं गैर अकादमिक गतिविधियाँ में भी सक्रियता से भागीदारी निभानी चाहिए।

इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने बताया कि एम.ए. अर्थशास्त्र की छात्राओं द्वारा ग्रीन आर्मी का गठन किया गया है जो पूरे सत्र भर महाविद्यालय की स्वच्छता एवं बगीचों के संधारण में अपना योगदान देगी।

ग्रीन आर्मी एवं अर्थशास्त्र परिषद की प्रभारी डॉ. मुक्ता बांखला ने अपने उद्बोधन में छात्राओं को परिषद के महत्व को बताते हुए स्पष्ट किया कि परिषद को अपने कार्यों के अन्तर्गत विभागीय गतिविधियाँ का संचालन कैसे करना चाहिए? नेट/स्लेट की तैयारी, पावर पाईंट प्रस्तुति, पोस्टर प्रदर्शनी, शैक्षणिक भ्रमण, व्याख्यानमालाओं के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाना है। ग्रीन आर्मी को भी उन्होनें विभिन्न दायित्व सौंपते हुए अपेक्षा की कि महाविद्यालय की अन्य छात्राओं के लिए भी ये छात्राएँ उदाहरण प्रस्तुत करेंगी।

प्राध्यापक डॉ. दीपक कश्यप ने सभी छात्राओं को पावर पाईंट प्रस्तुति एवं नेट/स्लेट जैसी परीक्षाओं में सफलता के लिए आवश्यक बिन्दुओं पर चर्चा की। अर्थशास्त्र परिषद के निम्न पदाधिकारी नामांकित किये गये। अध्यक्ष- कु. आमिनी साहू, उपाध्यक्ष-कु. कोमल देवांगन, सचिव- कु. देवंतिन कुंजाम, सहसचिव- कु. भारती साहू, कोषाध्यक्ष- कु. वंदना शर्मा।

अध्यक्ष, कु. आमिनी साहू ने प्राध्यापकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए ग्रीन आर्मी के माध्यम से महाविद्यालय को स्वच्द रखने में अपने टीम के साथ पूर्ण सहयोग देने का वायदा किया।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

शासकीय कन्या महाविद्यालय में अर्थशास्त्र परिषद का उद्घाटन

ग्रीन-आर्मी ने उठाया स्वच्छता का बीड़ा